क.रा.बी.नि.
ESIC

कामगार राज्य विमा महामंडळ
(श्रम आणि रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

उप प्रादेशिक कार्यालय, नागपूर
उप क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर / SUB-REGIONAL OFFICE, NAGPUR
पंचदिप भवन, गणेशपेठ, नागपूर, महाराष्ट्र
पंचदीप भवन, गणेशपेठ, नागपुर, महाराष्ट्र - 440018
PANCHDEEP BHAWAN, GANESHPETH, NAGPUR, MAHARASHTRA
☎: 2720141, 2726219, 2726365, 2729075, Fax: 0712-2729359
ईमेल/E-mail: dir-nagpur@esic.nic.in वेबसाईट/Website : www.esic.nic.in

सं- ए-49020/15/2022-राजभाषा दिनांक :- 08.09.2025

सेवा में,

- सभी अधिकारी/ कर्मचारी, उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम, नागपुर |
- सभी शाखा प्रबंधक, अधीनस्थ शाखा कार्यालय/ डीसीबीओ, क.रा.बी. निगम, नागपुर क्षेत्र |

**विषय :- राजभाषा हिंदी पखवाड़ा 2025 का आयोजन |**

महोदय/ महोदया,

सूचित करना है कि मुख्यालय के पत्र संख्या- ए-49/16/5/2024- रा.भा., दिनांक 01.09.2025 के अनुपालन में इस वर्ष 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2025 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा | मुख्यालय के निदेशानुसार इस दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप आयोजित किए जाने के निदेश दिए गए हैं -

1. प्रत्येक पत्रादि के शीर्ष पर 'राजभाषा पखवाड़ा 2025' अवश्य अंकित किया जाए |
2. सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों (जिन्हें हिंदी का ज्ञान है (प्रवीण/ कार्यसाधक) द्वारा अपना कार्यालयीन कामकाज (टिप्पण-आलेखन आदि) हिंदी में ही किया जाए |
3. अधिकाधिक टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार और प्रपत्र जैसे कार्य मूल रूप से हिंदी में किए जाने पर बल दिया जाए |
4. सरल हिंदी के प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए |
5. इकाई प्रमुख द्वारा बैठक आयोजित की जाए जिसमें इकाई प्रमुख द्वारा कार्मिकों से हिंदी में काम करने हेतु अपील की जाए | हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग संबंधी निर्देशों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों पर बैठक में विचार विमर्श किया जाए |
6. सभी कार्मिकों द्वारा राजभाषा नियमों तथा समय-समय पर मुख्यालय तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए |

पखवाड़े के दौरान उप क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर द्वारा इस पत्र के साथ संलग्न सूची अनुसार **हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन** किया जाएगा।

- दिनांक 29.09.2025 को अपराह्न 4:00 बजे से राजभाषा पखवाड़ा समापन / पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा | इस दौरान हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा |

उक्त समारोह में उप क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि कृपया पखवाड़े के दौरान उपरोक्तानुसार कार्यकलाप सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

Digitally signed by Sunil Kumar Singh
Date: 11-09-2025 10:37:30

सहायक निदेशक
कृते उप निदेशक (प्रभारी)

# राजभाषा पखवाड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम - 2025

| दिनांक 18.09.2025 (गुरूवार) - हिंदी निबंध प्रतियोगिता | | |
|---|---|---|
| **समय** | **विषय** | **नियम** |
| अपराह्न 04.00 से 05.30 बजे | निबंध के लिए 05 विषय दिए जाएंगे । | 1. दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध हिंदी भाषा में लिखना होगा ।<br>2. निबंध की शब्द-सीमा 800 शब्द की होगी ।<br>3. प्रतियोगिता की समय सीमा 1.30 घंटे होगी ।<br>4. निबंध मौलिक एवं हस्तलिखित होना चाहिए । |
| **दिनांक 19.09.2025 (शुक्रवार) - हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता** | | |
| अपराह्न 04.00 से 05.30 बजे | हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता के लिए 1.30 घंटे का प्रश्नपत्र दिया जाएगा । | 1. हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को दिए गए प्रश्नपत्र को हल करना होगा ।<br>2. प्रश्न-पत्र में कार्यालयी कामकाज के शब्दों को हिंदी-अंग्रेजी में लिखना होगा ।<br>3. किसी विषय पर टिप्पणी या पत्र लिखना होगा ।<br>4. अनुवाद का भी अंश सम्मिलित होगा । |
| **दिनांक 22.09.2025 (सोमवार) - राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता** | | |
| अपराह्न 04.00 से 05.30 बजे | राजभाषा से संबंधित प्रश्नों पर आधारित 1.30 घंटे की लघु उत्तरीय प्रतियोगिता । | 1. 50 लघु उत्तरीय प्रश्नों की प्रश्नमाला दी जाएगी ।<br>2. प्रश्नपत्र में कार्यालयी कामकाज के शब्दों की हिंदी-अंग्रेजी में अभिव्यक्ति । हिंदी से संबंधित सामान्य ज्ञान, राजभाषा कार्यान्वयन, प्रोत्साहन, राजभाषा विभाग संबंधी नियमों की जानकारी वाले प्रश्न सम्मिलित किए जाएंगे । |
| **दिनांक 23.09.2025 (मंगलवार) - हिंदी वाक् प्रतियोगिता** | | |
| अपराह्न 04.00 से 05.30 बजे | वाक प्रतियोगिता के लिए शीर्षक समय पर दिए जाएंगे | 1. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को समय पर मिले विषय पर ही विचार प्रस्तुत करना है ।<br>2. दिए गए विषय के संदर्भ में विचार विचार हिंदी में प्रस्तुत करना है ।<br>3. प्रत्येक वक्ता को अपने विचार रखने के लिए 5 मिनट / यथा निर्धारित समय - सीमा दी जाएगी । |

नोट - उक्त प्रतियोगिताओं में मातृभाषा के आधार पर 'क' तथा 'ख' भाषा क्षेत्र के प्रतिभागियों को हिंदी भाषी तथा केवल 'ग' क्षेत्र के भाषाभाषियों को हिंदीतर भाषी माना जाएगा । उक्त दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग प्रथम पुरस्कार -1800/-, द्वितीय पुरस्कार 1500/- तथा तृतीय पुरस्कार- 1200/- तथा दो प्रोत्साहन पुरस्कार 500-500 रूपये के प्रदान किए जाएंगे । प्रत्येक प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्ति हेतु न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक उत्तीर्ण करने हेतु आवश्यक होंगे । इच्छुक प्रतिभागी कृपया अपना नामांकन प्रतियोगिता के 1 दिन पूर्व तक राजभाषा शाखा को शीघ्र भिजवाएं ।

सहायक निदेशक
प्रभारी राजभाषा अधिकारी